भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2017
01 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस सम्मेलन-2023

2017. श्री बिद्‌युत बरन महतोः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस सम्मेलन-2023 आयोजित किया;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सम्मेलन की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) क्या मत्स्यपालन विभाग ने मत्स्यपालन पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभाव डालने वाले स्टार्टअपों की पहचान करने, उन्हें पुरस्कृत करने और मान्यता प्रदान करने के लिए स्टार्टअप इंडिया हब और डीपीआईआईटी के साथ साझेदारी में मत्स्यपालन स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज शुरू किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कितने स्टार्टअपों का चयन किया गया है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) और (ख): जी हाँ, महोदय । मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (एफएएचडी), भारत सरकार ने 10-11 जुलाई 2023 को महाबलीपुरम, तमिलनाडु में राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस सम्मेलन -2023 आयोजित किया जिसका उद्देश्य पीएमएमएसवाई के संदर्भ में विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और देश भर में उपलब्ध मात्स्यिकी संसाधनों की क्षमता का उपयोग करने के लिए विचार-विमर्श करना और आगे बढ़ने की योजना बनाना था । सम्मेलन के दौरान राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री तथा राज्य के माननीय मत्स्यपालन प्रभारी मंत्री उपस्थित थे।

सम्मेलन के दौरान, देश भर के 20 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करने वाली 138.13 करोड़ रुपये की 176 मात्स्यिकी परियोजनाओं का वर्चुअल उद्‌घाटन किया गया, इसके बाद मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लाभार्थियों के साथ बातचीत की गई। उद्‌घाटन की गई परियोजनाओं में फिश हैचरी, श्रीम्प हैचरी, बायोफ्लॉक इकाइयां, फिश फ़ीड मिलें, सजावटी मत्स्य इकाइयां, मत्स्य मूल्य वर्धित उद्यम, ब्रूड बैंक, मनोरंजक मात्स्यिकी, केज कल्चर इकाइयां, आरएएस प्रणाली, इंसुलेटेड मत्स्य परिवहन वाहन, फिश रीटेल कियोस्क आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं का 20 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करते हुए जमीनी स्तर पर लगभग 15,000 लाभार्थियों पर प्रभाव पड़ा। विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लाभार्थियों ने अपने क्षेत्र-स्तरीय अनुभव साझा किए, अपने मुद्दों पर प्रकाश डाला और मछुआरों और मत्स्य किसानों के जीवन में पीएमएमएसवाई योजना और केसीसी द्वारा किए गए बहुमूल्य योगदान की सराहना की। रिपोर्ट फिश डिजीज ऐप (आरएफडी) एप्लिकेशन के लॉन्च पर भी प्रकाश डाला गया, जो किसानों को अपने फिश फार्मों में बीमारी की घटनाओं की रिपोर्ट करने और क्षेत्र-स्तरीय अधिकारियों और मत्स्य रोग विशेषज्ञों से वैज्ञानिक सलाह लेने की सुविधा प्रदान करता है। सम्मेलन में मात्स्यिकी स्टार्ट-अप/फिश एफपीओ/मत्स्य सहकारी समितियों पर प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 स्टालों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें फिश फ़ार्मिंग, एक्वाकल्चर और संबंधित प्रौद्योगिकियों के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया।

मछुआरों, मत्स्य किसानों, विद्वानों, वैज्ञानिकों और अधिकारियों सहित लगभग 23,000 हितधारकों ने राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस सम्मेलन 2023 में 33 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 260 स्थानों से वर्चुअल तरीके से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

(ग) और (घ): जी, हां महोदय । मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से मत्स्यपालन पारिस्थितिकी तंत्र (फिशेरीस ईकोसिस्टम) में प्रभाव डालने वाले स्टार्टअप की पहचान करने, उन्हें पुरस्कृत करने के लिए "फिशरीज़ स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज" शुरू किया है।

इस चुनौती का उद्देश्य क्षेत्र में स्टार्ट-अप कल्चर को बढ़ावा देना और उद्यमशीलता मॉडल की एक मजबूत नींव स्थापित करना है। चुनौती के चयनित 12 विजेताओं में से प्रत्येक को 2.00 लाख रूपये का नकद अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा, इनक्यूबेशन में अपने उत्पादों को विकसित करने के लिए इनक्यूबेटेड स्टार्टअप को 20.00 लाख रूपये (सामान्य श्रेणी) और 30.00 लाख रूपये (अनु जाति /अनु जन जाति/महिला) तक के अनुदान की सहायता दी जाएगी।

*****